एक कदम स्वच्छता की ओर

ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

# अपनी बात

अंक : 594 वर्ष 44 राँची, जुलाई, 2023



# सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने समीक्षा बैठक की

दिनांक 05 जुलाई को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची में सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने कंपनी के कार्य निष्पादन से संबंधित एक समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री बी. साईराम, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार सहित मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक में डॉ. रेड्डी ने उत्पादन, प्रेषण, कार्य–निष्पादन इत्यादि से संबंधित जानकारी हासिल की। उन्होंने सीसीएल के विगत वित्तीय वर्ष के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुये कहा कि कंपनी निश्चित रूप से इस वित्तीय वर्ष में भी अपना निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने में सफल होगी। डॉ. रेड्डी ने अपने संबोधन में सभी कर्मियो से एक टीम की तरह कार्य करने पर बल दिया।

ज्ञातव्य हो कि डॉ. रेड्डी ने वर्ष 1986 में कोठागुडम स्कूल ऑफ माइन्स, उस्मानिया विश्वविद्यालय से खनन में बी.टेक किया और वर्ष 2000 में कोठागुडम स्कूल ऑफ माइन्स, उस्मानिया विश्वविद्यालय से माइन प्लानिंग में एम.टेक की डिग्री हासिल की है। उनके पास कोयला खनन, योजना, खरीद, संचालन और



समीक्षा बैठक के दौरान सीएमडी डॉ. बी. बीरा रेड्डी का पुष्प गुच्छ से स्वागत करते निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (वित्त) श्री पंकज कुमार मिश्रा एवं निदेशक (तकनीकी/यो. एवं परि.) श्री बी. साइराम

कोयला उद्योग में 33 वर्षों का व्यापक अनुभव है। डॉ. रेड्डी वर्तमान में कोल इंडिया लिमिटेड में निदेशक तकनीकी (संचालन) के रूप में भी कार्यरत हैं।

सीसीएल में डॉ. रेड्डी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। निश्चित ही उनके नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में कंपनी सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएगी।

## सीएमडी डॉ. रेड्डी सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के दौरा की

जुलाई माह में सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारियों एवं स्टेकहोल्डर्स से मुलाकात कर उत्पादन–उत्पादकता एवं कार्यनिष्पादन का जायजा लिया।







डॉ. रेड्डी खनन क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए

# "प्रिवेंटिव विजीलेंस और एचआर ईक्विटी" विषय पर कार्यशाला आयोजित



कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

दिनांक 06 जुलाई को सीसीएल मुख्यालय, राँची में मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा "प्रिवेंटिव विजीलेंस और एचआर ईक्विटी" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार ने कई महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि निष्ठा और पारदर्शिता के साथ काम करना अधिकारियों का कर्तव्य होना चाहिए।

निदेशक ( कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने कर्मियों को पूरी पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष रूप से काम करने का संदेश दिया और कहा कि किसी भी प्रस्ताव को स्पष्टता के साथ भयमुक्त होकर प्रस्तुत करें।

महाप्रबन्धक (अधिकारी स्थापना) श्री संजय ठाकुर ने विजलेंस के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों से कहा कि कार्य में निर्भिकता के लिए आवश्यक है कि आप सीडीए रूल के अनुरूप कार्यों का निष्पादन करें।

ज्ञात हो कि कर्मचारियों के बहुमूखी विकास तथा बेहतर कार्यनिष्पादन के लिए निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सीसीएल में नियमित तौर पर ऐसे कार्याशालाओं का आयोजन किया जाता है।

महाप्रबंधक (एचआरडी), श्री पार्थ भट्टाचार्य के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। मंच संचालन मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) श्री संजय ने किया।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ श्री पंकज कुमार एवं विभागाध्यक्ष (विधि) श्री पार्थो भट्टाचार्जी

**जब तक जीवन है, सीखते रहो। क्योंकि अनुभव ही सबसे श्रेष्ठ शिक्षक है।**
**– स्वामी विवेकानन्द**

# संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उपसमिति का राँची दौरा

## समिति ने सीसीएल में राजभाषा गतिविधियों का निरीक्षण किया




निरीक्षण के दौरान राजभाषा समिति की तीसरी उप–समिति का स्वागत करते निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं अन्य

संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उपसमिति द्वारा 13 जुलाई से 15 जुलाई, 2023 तक राँची एवं इसके आसपास स्थित कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। इसी कड़ी में दिनांक 15 जुलाई को सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड का निरीक्षण राँची में किया गया। इस अवसर पर संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उपसमिति की ओर से संयोजक संसद सदस्य (लोकसभा) डॉ. मनोज राजोरिया, संसद सदस्य (राज्यसभा), डॉ. अमी याज्ञिक, संसद सदस्या (राज्यसभा) श्रीमती कांता कर्दम, संसद सदस्या (राज्यसभा) सुश्री सरोज पांडेय उपस्थित थे। साथ ही सीसीएल की ओर से निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, विभागाध्यक्ष (राजभाषा), श्री संजय कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम में समिति के उपस्थित सभी सदस्यों ने कंपनी के कार्यकलापों का निरीक्षण किया और कहा कि संसदीय राजभाषा समिति के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सभी की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने राजभाषा कार्य की प्रगति के निरीक्षण का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिये।

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने माननीय सदस्यों का स्वागत किया तथा सीसीएल की राजभाषा की गतिविधियों एवं उपलब्धियों से गणमान्यों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हिन्दी हमारी संस्कृति से जुड़ी हुई है एवं इसका विकास हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

सीसीएल प्रबंधन की ओर से माननीय सदस्यों के दिशा–निर्देशों के पूर्णरूपेण पालन एवं हिन्दी के उतरोत्तर विकास के लिए सभी उचित कदम उठाने को आश्वस्त किया गया ।

अवसर विशेष पर राजभाषा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें राजभाषा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीसीएल के राजभाषा एवं अन्य का सराहनीय योगदान रहा।



कार्यक्रम के दौरान राजभाषा प्रदर्शनी में उपस्थित निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं अन्य

# नेशनल कमीशन फॉर सफाई कर्मचारी (NCSK) की उपाध्यक्षा का सीसीएल दौरा




नेशनल कमीशन फॉर सफाई कर्मचारी की उपाध्यक्षा श्रीमती अंजना पंवार का स्वागत करते निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

दिनांक 19 जुलाई को पर्यटन विहार, स्टेट गेस्ट हाउस, पतरातु में नेशनल कमीशन फॉर सफाई कर्मचारी (NCSK) द्वारा एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नेशनल कमीशन फॉर सफाई कर्मचारी की उपाध्यक्षा श्रीमती अंजना पंवार ने किया । इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, महाप्रबंधक (का. एवं औ.सं) सुश्री रश्मि दयाल, महाप्रबंधक (न.प्र.) श्री राजेश मोहन, विभागाध्यक्ष (जनसंपर्क) श्री आलोक कुमार, एससी– एसटी परिषद के प्रतिनिधि एवं सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

श्रीमती पंवार ने सफाई कर्मचारी के प्रति सीसीएल द्वारा किए जा रहे सकारात्मक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए आयोग के निर्देशों को और बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने हेतु अनेक आवश्यक सुझाव दिए और कहा कि प्रत्येक तिमाही स्वच्छता कर्मियों की स्वास्थ्य जांच होनी चाहिए साथ ही सभी कर्मियों का पहचान–पत्र भी होना चाहिए जिसमें स्पष्ट रूप से रक्त समूह का उल्लेख हो। इसके अतिरिक्त सभी कर्मियों को भविष्य निधि की समुचित जानकारी होनी भी आवश्यक है। उन्होने सफाई कर्मचारी के कोरोना काल के दौरान उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि सभी कर्मी अथक प्रयास कर स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर देश के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे है। अतः यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि उन्हें किसी भी प्रकार की आर्थिक समस्या न आने पाए।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने अवसर विशेष पर सफाई कर्मचारियों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को स्वच्छ एवं रोगमुक्त रखने में सफाई कर्मचारियों की महती भूमिका है। उन्होंने कहा कि माननीय उपाध्यक्षा द्वारा दिए गए निर्देशों का सीसीएल पूर्णतः पालन करेगा।

अवसर विशेष पर सीसीएल द्वारा स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को पावरप्वायंट (पीपीटी) के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।



बैठक का एक दृश्य

# निदेशक (कार्मिक) की अध्यक्षता में सीसीईबीएफएस की बैठक संपन्न




बैठक का एक दृश्य

दिनांक 21 जुलाई को सीसीएल मुख्यालय, राँची में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्री हर्ष नाथ मिश्र की अध्यक्षता में सेंट्रल कोलफील्ड्स एंप्लाइज बेनिफॅालेंट फंड सोसायटी (CCEBFS) की शासकीय निकाय की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर श्रमिक संघ के प्रतिनिधि एवं सोसाइटी के सदस्यगण उपस्थित थे।

सोसाइटी के कार्यकारी अध्यक्ष श्री हर्ष नाथ मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर कई लाभकारी निर्णय लिए गए। इनमें मृत्यु लाभ में मिलने वाली राशि को 75 हज़ार से बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही हृदय एवं गुर्दा रोग से ग्रसित सदस्यों के लिए चिकित्सीय सेवा लाभ में शामिल एवं सेवानिवृत्ति के समय मिलने वाले विभागीय उपहार में वृद्धि किया गया । इतना ही नहीं सोसाइटी के प्रति कर्मचारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में भी इसका प्रसार करने पर भी जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त भी सोसाइटी के नियमों में वांछित एवं लाभकारी संशोधन किए गए।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने उपरोक्त निर्णयों का स्वागत किया।

# सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई




विदाई–सह–सम्मान समारोह का एक दृश्य

सीसीएल से मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कुल 3 कर्मी – महाप्रबंधक (एचआरडी/विधि), एचआरडी/विधि विभाग श्री पार्थो भट्टाचार्जी, महाप्रबंधक (उत्खनन), सीसीएमसी विभाग श्री बोध कृष्णा झा, मुख्य प्रबंधक (वित्त), आईएडी विभाग श्री अविजीत गोस्वामी, को दिनांक 31 जुलाई को सीसीएल परिवार की ओर से मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर उनके सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। जुलाई माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 83 कर्मी सेवानिवृत्त हुए जिन्हें ससम्मान विदाई दी गई।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (वीडियो क्लिप) 'सम्मान समारोह' के दौरान प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी निरंतर नयी ऊँचाईयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं।

निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने समारोह के मुख्य आकर्षण सेवानिवृत्त कर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि कंपनी की सफलता में आप सभी का योगदान सराहनीय है। श्री मिश्र ने सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री पंकज कुमार ने अपने संबोधन में सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदानों की सराहना करते हुये कहा कि रिटायरमेंट के बाद आप सभी अपने आप को सामाजिक एवं अच्छे कार्यों में व्यस्त रखें।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों एवं अन्य विभागों का विशेष योगदान रहा।

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

CCL celebrated Swachhta Pakhwada from 16 to 30.06.2023.
A plethora of activities like flagging of swchhta rath, nukkad natak, distribution of dustbins, jute bags, swachhta rally, distribution & plantation of saplings,essay competition etc were organised to celebrate the occasion.




**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

आज सीसीएल में "प्रिवेंटिव विजीलेंस और एचआर एक्टिविटीज" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर निदे.(का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र , सीवीओ श्री पंकज कुमार ने विजीलेंस के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। अवसर विशेष पर जीएम (अ.स्था.) ने भी विषय के महत्व पर चर्चा की। #BeyondCoal

Translate Tweet



**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

सीसीएल ने रिकार्ड समय में 25 एमटी कोयले का किया प्रेषण ।

कंपनी ने यह उपलब्धि वर्तमान वित्तिय वर्ष के महज 3 महीने 18 दिन में प्राप्त कर नया कीर्तिमान रचा है। कंपनी स्थापना के बाद से सबसे कम समय में इस मुकाम तक पहुंची है।

इस अभूतपूर्व प्रर्दशन के लिए #टीमसीसीएल को बहुत बहुत बधाई!

Translate Tweet




**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

सीएमडी डॉ बी. वीरा रेड्डी ने झारखण्ड के मुख्य सचिव श्री सुखदेव सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। डॉ रेड्डी ने मुख्य सचिव से कोयला उत्पादन एवं प्रेषण सम्बन्धित जानकारियों को साझा करते हुए सीएसआर के तहत चलाए जा रहे सीसीएल के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। #BeyondCoal

Translate Tweet



**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

सीसीएल द्वारा सीएसआर के तहत रजरप्पा क्षेत्र के जनता उच्च विद्यालय, रामगढ़ में कैरमबोर्ड, लूडो, शतरंज,क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल और बैडमिंटन किट का वितरण किया गया।
साथ ही साथ 22 लाभार्थियों को व्हीलचेयर और श्रवण मशीनें भी वितरित की गई। #BeyondCoal

Translate Tweet




(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)
सम्पादक : आलोक कुमार, विभागाध्यक्ष, जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, उप प्रबंधक (जनसम्पर्क), मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, एमटी, जनसम्पर्क विभाग